भाजपा नेता बीर सिंह पंवार जनसंपर्क करते हुए।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### लेखाकार भर्ती परीक्षा की अनियमितता के विरोध में उक्रांद का धरना

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा सहायक लेखाकार परीक्षा में बरती गई अनियमितताओं एवं परीक्षा को रद्द कर परीक्षा पुनरू आयोजित कराने के संबंध में उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने आज देहरादून गांधी पार्क मे धरना दिया और उपवास किया। इसके अलावा उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ता अन्न जल त्याग कर धरने पर बैठे यूपीसीएल पिटकुल के अभ्यर्थियों का रिजल्ट जारी करने के समर्थन मे भी धरने मे शामिल हूए 12 से 14 सितंबर के मध्य उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा सहायक लेखा की परीक्षा ऑनलाईन के माध्यम से 6 शिफ्टों में संपन्न कराई गई, इसमें काफी विसंगतियां देखने को मिली।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 76 रोगियों की स्वास्थ्य जाँच की गई

**संवाददाता** देहरादून। कैलाश हॉस्पिटल के तत्वावधान में गुरुद्वारा धमावाला में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 76 रोगियों ने जाँच करवा कर डॉ. नवाद अली, फिजिशियन से उचित परामर्श प्राप्त किया। कैलाश हॉस्पिटल एवं हृदय संस्थान द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन गुरुद्वारा धामावाला में आयोजित किया गया, जिसमें रोगियों ने ई सी जी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर आदि का चौक अप करवा कर प्रसिद्ध डॉ. नवाद अली का परामर्श प्राप्त किया।

### बैंक मैनेजर समेत तीन के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**संवाददाता** विकासनगर। कोतवाली में बैंक मैनेजर समेत तीन के खिलाफ गारंटर बनाने का झांसा देकर ग्रामीण से कोरे कागज पर हस्ताक्षर कर गलत तरीके से ऋण लेने पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। यह मुकदमा न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवाओं का भविष्य कांग्रेस में ही सुरक्षितः जोशी

**संवाददाता** देहरादून।प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री नवीन जोशी ने कहा कि युवाओं का भविष्य कांग्रेसमें ही सुरक्षित है कांग्रेस युवाओं को सपने नहीं बेचती बल्कि उनको रोजगार से जोड़ती है नवीन जोशी ने आज यह बात कैंट विधानसभा के अपने कैंप कार्यालय में युवाओं को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराने के अवसर पर कही जोशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने युवाओं को सिर्फ छलने का काम किया और चुनाव में युवाओं का इस्तेमाल सिर्फ चुनाव जीतने के लिए किया लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा कैंट विधानसभा का युवा पूरे कैंट विधानसभा में बदलाव लाकर अपना बदला लेगा।

# आपदा की दृष्टि से उत्तराखण्ड संवेदनशील राज्य हैः सीएम

**मदद**

■ केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने उत्तराखंड के आपदा प्रभावितों की मदद के लिए दिए 22.5 करोड़ रुपये

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की वर्चुअल उपस्थिति में केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर. के. सिंह द्वारा मंगलवार को श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली में उत्तराखण्ड में आपदा प्रभावितों के सहायतार्थ सी.एस.आर. के अंतर्गत 7 पॉवर पीएसयू के सौजन्य से संकलित कुल रु 22.5 करोड़ का चेक आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को प्रदान किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम में सचिवालय से वर्चुअल प्रतिभाग कर इस राज्य को प्रदान की गई सहायता के लिए केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर. के. सिंह का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्टूबर में अतिवृष्टि से उत्तराखण्ड को




काफी नुकसान हुआ था। इस आपदा से निपटने के लिए केन्द्र सरकार से राज्य को पूरा सहयोग मिला। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह एवं ऊर्जा मंत्री आर. के सिंह का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र से हमें 03 हेलीकॉप्टर मिले जिसकी वजह से हम 500 से अधिक लोगों की जान बचा पाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की दृष्टि से उत्तराखण्ड संवेदनशील राज्य है। हिमालयी राज्य होने के कारण उत्तराखण्ड की भौगोलिक परिस्थितियां अलग हैं। उन्होंने कहा कि उतराखण्ड को ऊर्जा प्रदेश के रूप में अग्रणी राज्य बनाने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं, जिसके लिए केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री श्री आर. के. सिंह का पूरा सहयोग मिल रहा है। इसके लिए उन्होंने श्री आर. के. सिंह का आभार भी व्यक्त किया। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर. के. सिंह ने कहा कि उत्तराखण्ड पूरे देश के लिए पूजनीय राज्य है। इस राज्य का अलग महत्व है। श्री बद्रीनाथ, आस्था के प्रमुख केन्द्र हैं। उत्तराखण्ड के विकास के लिए जो हो सकता है, सब किया जायेगा।

आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखण्ड में आपदा प्रबंधन के लिए केन्द्र सरकार द्वारा राज्य को हर संभव सहयोग दिया गया। इसके लिए उन्होंने केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया। आपदा प्रभावितों के लिए दी गई इस सहायता के लिए उन्होंने केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री का आभार व्यक्त किया। उत्तराखण्ड में आपदा प्रभावितों के सहायतार्थ सी.एस.आर. के अंतर्गत 7 पॉवर पीएसयू द्वारा संकलित कुल 22.5 करोड़ रु की धनराशि का जो चेक प्रदान किया गया।

इस अवसर पर सचिव अमित नेगी, एस.ए मुरुगेशन एवं अपर सचिव श्रीमती सोनिका भी उपस्थित थे।

### हर घर भाजपा, घर-घर भाजपा अभियान के तहत जनसंपर्क में जुटे भाजपा नेता

देहरादून। हर घर भाजपा, घर–घर भाजपा अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता इन दिनों घर–घर जाकर लोगों से संपर्क कर प्रदेश और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बता रहे हैं। लगभग 1 माह से चल रहे इस अभियान में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता और नेता इस अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बीर सिंह पंवार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मोहब्बेवाला क्षेत्र में लोगों से जनसंपर्क किया।

इस दौरान भाजपा नेता बीर सिंह पंवार ने लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने इस दौरान राज्य और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को भी जनता के बीच में रखा। वहीं डोईवाला विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, बृज भूषण गैरोला और सौरभ थपलियाल भी इस अभियान के तहत क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहे हैं। जबकि कैंट विधानसभा क्षेत्र में महापौर सुनील उनियाल गामा हर घर भाजपा, घर–घर भाजपा अभियान को आम जन तक पहुंचाने में लगे हुए हैं।

# रिफ्लेक्सोलॉजी के लिए आयोजित होंगे प्रशिक्षण कैम्प

**प्रशिक्षण**

■ माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड जम्मू, कटरा के चार विशेषज्ञ देंगे प्रशिक्षण

**संवाददाता**

देहरादून। चार धाम यात्रा और 15 चयनित ट्रेकिंग ट्रैक्शन सेंटर के पास रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड (यूटीडीबी) की ओर से उत्तरकाशी में एक महीने और रुद्रप्रयाग में 15 दिनों तक रिफ्लेक्सोलॉजी (पैरों की थेरपी) के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जाएगा। निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड जम्मू कटरा



के चार विशेषज्ञों की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। उक्त बात प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने अपने कैंप कार्यालय सुभाष रोड़ पर मंगलवार को आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए कही। प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने अपने कैंप कार्यालय सुभाष रोड़ पर मंगलवार को पर्यटन विभाग द्वारा चार धाम यात्रा और 15 चयनित ट्रेकिंग ट्रैक्शन सेंटर के पास रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से उत्तराकाशी में एक महीने और रुद्रप्रयाग में 15 दिनों तक रिफ्लेक्सोलॉजी (पैरों की थेरपी) के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि दोनों जगह होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में करीब 70 से अधिक लोग हिस्सा लेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 नवंबर से शुरू किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा, 'रिफ्लेक्सोलॉजी (पैरों की मसाज) हमारी प्राचीन चिकित्सा है। रिफ्लेक्सोलॉजी एक प्रकार की वैकल्पिक चिकित्सा है, जो भारत साहित अन्य एशियाई देशों में काफी प्रचलित है। उन्होंने कहा कि रिफ्लेक्सोलॉजी एक ऐसी थ्योरी पर काम करती है जो शरीर के अंगों और तंत्रों से जुड़ी होती है। शरीर के कुछ अंगों पर दबाव देने से शरीर को कई तरह के फायदे होते हैं।

### 'कैंट विस क्षेत्र में रविंद्र आनंद को मिल रहा लोगों का साथ'

**संवाददाता** देहरादून। कैंट विधानसभा में आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सिंह आनंद की ओर से चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान में मिल रहा जतना का भरपूर सहयोग। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सिह आनंद ने आज अपने समर्थकों के साथ इंजीनियर एंक्लेव, शास्त्रीनगर खाला आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। उन्होंने बताया कि उन्हें सभी जगह पर जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है। लोग इस वक्त भाजपा एवं कांग्रेस दोनों ही पार्टियों से त्रस्त है और तीसरा विकल्प ढूंढ रहे है। इस वक्त लोगों की सबसे बड़ी समस्या महंगाई है जिस कारण उन्हें घर चलाना भी मुश्किल हो रखा है। बिजली की बढ़े दरें, पानी के बिल, प्राइवेट स्कूलों की फीस सभी के कारण इस वक्त लोगों के घरों के बजट गड़बड़ा रखें है। सरकार बनती है तो शास्त्री नगर में पानी भरने की समस्या का स्थाई समाधान निकाला जाएगा क्योंकि आम आदमी पार्टी काम की राजनीति करती है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।